**खण्ड : ख** **(3 × 4 = 12)**

21. "रैयतवारी प्रथा ने बम्बई दक्कन के रैयतों को संकट की स्थिति में डाल दिया ।" कोई तीन उदाहरण देकर इस कथन की व्याख्या कीजिए । 3

22. विरुपाक्ष मंदिर की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए । 3

23. गोविन्द बल्लभ पंत ने पृथक निर्वाचिकाओं की माँग को अल्पसंख्यकों और राष्ट्र के लिए खतरनाक क्यों समझा ? स्पष्ट कीजिए । 3

24. "पुरातत्त्वविदों ने भौतिक अवशेषों से प्राप्त साक्ष्यों के माध्यम से हड़प्पन इतिहास के अंशों को एक साथ जोड़ा है ।" वर्गीकरण के सिद्धान्तों के संदर्भ में इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए । 3

**अथवा**

"हड़प्पाई लिपि को एक रहस्यमय लिपि समझा जाता है ।" उपयुक्त तर्कों सहित इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए । 3

**खण्ड – ग** **(8 × 3 = 24)**

25. महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण के द्वारा सामाजिक इतिहास की पुनर्रचना करने में वी.एस. सुथंकर के योगदान का वर्णन कीजिए । 8

**अथवा**

प्राचीन काल में अछूतों के जीवन का वर्णन कीजिए । 8

26. "मुग़ल दरबार की भौतिक व्यवस्था भारत में राजतंत्र का प्रतीक रही थी ।" इस कथन की परख कीजिए । 8

**अथवा**

"मुग़लों के शाही नौकरशाही को गुलदस्ते के रूप में वर्णित किया जाता था ।" उपयुक्त तर्कों सहित इस कथन की परख कीजिए । 8

27. "यद्यपि भौगोलिक और राजनीतिक रूप से भारत दो भागों में बँट चुका है, लेकिन हृदय से हम सभी सदैव मित्र रहेंगे, एक-दूसरे को मदद व सम्मान देते रहेंगे ।" गाँधीजी के द्वारा दिए गए इस कथन की व्याख्या कीजिए । 8

**अथवा**

"असहयोग आंदोलन ने विभिन्न धर्मों के बीच सौहार्द बढ़ाया और जन आंदोलन का रूप प्रदान किया ।" इस कथन की व्याख्या कीजिए । 8

